हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई
जबलपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023
login : www.haribhoomi.com


**खबर संक्षेप**

## राज्यपाल ने नवनियुक्त मंत्रियों को दिलाई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज 28 विधायकों को मंत्री पद की को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 18 मंत्री, 6 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्यमंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। मंत्री के रूप में श्री कुंवर विजय शाह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल, श्री राकेश सिंह, श्री करण सिंह वर्मा, श्री उदय प्रताप सिंह, श्रीमती सम्पतिया उइके, श्री तुलसीराम सिलावट, श्री एदल सिंह कंषाना, सुश्री निर्मला भूरिया, श्री गोविन्द सिंह राजपूत, श्री विश्वास सारंग, श्री नारायण सिंह कुशवाह, श्री नागर सिंह चौहान, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री राकेश शुक्ला, श्री चैतन्य काश्यप ₹भैया जी₹ और श्री इन्दर सिंह परमार ने शपथ ली। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में श्रीमती कृष्णा गौर, श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, श्री दिलीप जायसवाल, श्री गौतम टेटवाल, श्री लखन पटैल और श्री नारायण सिंह पंवार ने शपथ ली। राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, श्रीमती प्रतिमा बागरी, श्री अहिरवार दिलीप और श्रीमती राधा सिंह शामिल है।

## 24 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 26 दिसंबर को जिले की 7 विधानसभा की 11 जनपद पंचायतों की 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है । नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि आज विधानसभा छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत मदनपुर और सांख, विधानसभा चौरई की जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत थावरी और लिखडी एवं जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत झामटा और सामरबोह, विधानसभा अमरवाड़ा की जनपद पंचायत अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत तेंदनीमाल और कुदवारी पहुंचेंगी।

### बिना लाइसेंस के काट रहे प्लॉट, अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज कर पाएगी या नहीं

# अवैध रूप से चल रही प्लाटिंग, कार्यवाही का खौफ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



बिना कालोनाइजर लाइसेंस और पंजीयन के ही नगरपालिका श्रेत्र में अवैध रूप से छोटे-छोटे प्लाट बेचें जा रहें हैं। ऐसे अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका प्रशासन कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है। जबकी नगर पालिका प्रशासन को अवैध प्लाटिंग से लाखों रूपयों का चुना लग रहा है। नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में खेतों की जमीन को बिना डायवर्टेड किए प्लाटों की खरीदी बिक्री की जा रही है। अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग कर नगरी प्रशासन को लाखों रुपए का चुना लगाया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद के अधीन वार्डों में अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग कर नगरी प्रशासन को लाखों रुपए का चुना लगाया जा रहा है। इन अवैध कॉलोनी को वैध करने के लिए राजस्व मिलना चाहिए था। किंतु इस नगर पालिका परिषद को एक रुपए का भी अवैध फ्लर्टिंग करने वालों से राजस्व प्राप्त नहीं हुआ है। जिला प्रशासन चुनावी मौसम बदलने के बाद अब कुछ एक्शन मोड में आ सकता है। जिला प्रशासन के माध्यम से शहर के अवैध कॉलोनी को वैध करने के निर्देश मध्य प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में जारी किए जा चुके हैं । किंतु नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 12 अवैध कॉलोनी चिन्हित है। जिस पर नगर प्रशासन के द्वारा केवल औपचारिकता कर नगर पालिका के राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई जा रही हैं।

कॉलोनाइजर बिना अनुमति फ्लर्टिंग करने वाले पर किसी प्रकार की कार्रवाई नगरी प्रशासन जुन्नारदेव द्वारा नहीं की गई। अवैध कॉलोनी को वैद्य करने के निर्देशों की अनुदेखी तात्कालिक कलेक्टर के द्वारा नगरी प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कर अवैध कॉलोनी को वैद्य करने के निर्देश दिए जा चुके थे । किंतु विडंबना इस नगर पालिका प्रशासन की है कि आज दिनांक तक इस अवैध कॉलोनी पर वैद्य करने की प्रक्रिया भारी शिथिलता से किया जा रहा है।

इन अवैध कॉलोनी में सबसे ज्यादा विडंबना और गरीब परिवारों पर है। जिन्होंने अपना मकान तो बना लिया किंतु बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग से टेंपरेरी कनेक्शन लेकर अपनी जेब में हल्की कर रहे हैं। कॉलोनी नियम के अनुरूप कॉलोनी में निवासरात नगरवासी अपने नवीन भवन बनाने के लिए नगरी प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा वैध -अवैध की भाषा बोलकर वर्षों से उन्हें भवन निर्माण की अनुमति प्रदान नहीं हो पा रही है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी नगरीय प्रशासन के पास आने वाली शिकायतों की विकराल समस्या के निराकरण की बात कही। किंतु नगर पालिका प्रशासन को इन नगर वासियों की समस्याओं के निदान हेतु पर्याप्त समय नहीं है। ना यह सुविधा देना उचित समझा रहे हैं। लगातार जिला प्रशासन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशों के पालन हेतु नगरी प्रशासन को समय-समय पर अवैध को वैध करने के निर्देश दे रही है। शहर में अवैध प्लाटिंग का मकड़जाल सा फैला हुआ है। अवैध प्लाटिंग का काम जो करोड़ों में प्लाटिंग करने वाले कमा रहे हैं। शासन के जिन अवैध कॉलोनी को वैध किया है उनमें भी विकास शुल्क देना अनिवार्य होगा। 1000 वर्ग फीट के भूखंड पर विकास शुल्क 200 से 300 प्रति वर्ग फुट देना होगा। निम्न आय वर्ग ईडब्ल्यूएस वर्ग के रह वासियों को कोई विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। विकास शुल्क में 50% राशि संपत्ति मलिक और शेष राशि नगरी विकास बहन करेगा।

### नगरी प्रशासन द्वारा केवल औपचारिकता देकर अपना पल्ला झाड़ लेते है

लगातार अवैध कॉलोनी को वैद्य करने के अनेकों नोटिस नगरी प्रशासन द्वारा केवल औपचारिकता देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि शासन के खुले निर्देश है की शासन के विपरीत कार्य करने वालों पर तत्काल प्रभाव से नगरी प्रशासन एफआईआर दर्ज करें । किंतु इस नगर पालिका परिषद के साहसी कर्मचारियों द्वारा आज तक किसी भी कॉलोनईजर पर या प्लाटिंग करने वाले पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई । यही स्थिति रही तो नगर पालिका प्रशासन में हो रही राजस्व की क्षतिपूर्ति की भरपाई कैसे होगी? लापरवाहों के द्वारा नगर पालिका प्रशासन आत्मनिर्भर बनने में सफल नहीं हो पा रहा है।

### राजस्व विभाग का भी सपोर्ट नहीं

अवैध कॉलोनियों पर के संबंध में राजस्व विभाग को पूरी जानकारी रहती है।लेकिन वह नगर पालिका तक नहीं पहुंच पाते। राजस्व विभाग नगर पालिका को रिकार्ड देने में भी उदासीनता बरतता है ।जिसकी वजह से पूरी कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है।

### तीनों का सड़कों का स्वामित्व सौंपा नपा को

## कलेक्टर, एसडीएम एवं जनपद कार्यालय की बदहाल सड़कों का निर्माण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

बीते 10 सालों से एसडीएम, जनपद एवं कृषि उपज मंडी समिति पहुंच सीमेंट सडक का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत का कार्य आज से शुरू हो गया। यहां बता दे कि यह तीन सडकें लगभग 15 वर्ष पूर्व यह तीनों सडकें कृषि उपज मंडी समिति ने बनाई थी। इसमें से एक सडक तीन शेर चौक पुराने हॉस्पिटल भवन के किनारे से कृषि उपज मंडी गेट नंबर एक तक पहुंचती है। दूसरी सीमेंट सडक पुलिस थाने के ठीक सामने से मंडी के गेट नंबर दो तक पहुचती है। और तीसरी सडक मंडी के गेट नंबर एक से रेलवे स्टेशन जाने वाली मेन सडक तक बनाई गई है। बताया गया कि यह तीनों सडकों की मरम्मत 45 लाख रू. की लागत से होने जा रही है। 15 वर्ष पहले यह तीनों सडकें लगभग 10 साल पहले से मरम्मत का इंतजार कर रही है। इन सडकों पर जगह जगह गड्डें और दरारें पड गई है। तीनों सडकें बीच में से फट सी गई है। बीते 8-10 साल से लगातार इनके मरम्मत की मांग की जा रही है। लेकिन इस दौरान पांढ़ुर्ना कृषि उपज मंडी की वित्तीय हालत बहुत खराब हो चुकी है। अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए मंडी समिति के पास पर्याप्त फंड नहीं है। इसलिए मंडी प्रशासन ने यह तीनों सडकों का स्वामित्व नगरपालिका पांढुर्ना को सौंप दिया। आज कृषि उपज मंडी समिति के गेट नंबर दो से पुलिस थाना तक जाने वाली सडक की मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है। ठेकेदार ने बताया कि इस सडक पर 15 दिनों तक दो पहिया और इससे बडा वाहन नहीं चल पाएगा। यदि इस पर वाहन चलाए जाएंगे तो सडक गुणवत्ता प्रभावित होगी।

# जिले के 859 मरीजों ने कराई शिविर में निशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का स्वास्थ्य शिविर संपन्न भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के 99 जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री विवेक बंटी साहू के निर्देशन में चिकित्सा प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा द्वारा भाजपा कार्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी ने बताया कि इस शिविर में 859 मरीजो की जांच हुई, जिसमे 48 मरीज मोतियाबिंद के लिए लायंस हॉस्पिटल परासिया भेजे गए, 27 कैंसर मरीजों की जांच हुई, 78 मरीजों की फिजियोथेरेपी चिकित्सा की गई, 300 लोगों का शुगर एवं अन्य जांच हुई तथा सभी मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर के मेडिसिन विभाग में डॉ संदीप जैन, डॉ दिनेश ठाकुर, डॉ के एस बजाज,अस्थि रोग विभाग में डॉ अमित रहंगडालें ,स्त्री रोग विभाग में डॉ रीनू मरकाम ,सर्जरी विभाग में डॉ हेमंत अहिरवार, होम्योपैथी में डॉ कृष्ण हरजानी, डॉ शारदा विश्वकर्मा, डॉ सोनम नेमा, डॉ कोमल जायसवाल, दंत रोग विभाग में चिकित्सा प्रकोष्ठ के महामंत्री डॉ हितेश मिश्रा, मिडिया प्रभारी डॉ भोला यादव, फिजियोथैरेपी विभाग में डॉ सर्वोत्तम ठाकुर डॉ वतन राजा डॉ साक्षी रोचिरमानी, डॉ दशरथ साहू , डॉ पवन नेमा और डॉ राजेश राय ने अपनी सेवाएं दीं।लायंस हॉस्पिटल परासिया और एशियाई आई हॉस्पिटल के द्वारा आंखों की जांच की गई। नागपुर से पधारे कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ बोमनवार ने भी सेवा दी।शिविर में डॉ जे एस राय एवं मंडल अध्यक्ष द्वय श्री रोहित पोफ़ली और अंकुर शुक्ला द्वारा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रयास को सराहा गया।कार्यक्रम में डॉ वतन राजा द्वारा पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला गया। डॉक्टर पवन नेमा ने वाजपेई जी की कविता ₹कदम मिलाकर चलना होगा₹ का सस्वर पाठ किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी

**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को को ग्राम पंचायत आमाकुही एवं पानाथावड़ी में पहुंची जहां केंद्र एवं राज्य में चल रही है शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी एवं विभिन्न विभागों के द्वारा आम जनता को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया वहीं योजनाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं वहीं वक्ताओं के द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कोई भी पात्र हितग्राहि मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे,उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,वरिष्ठ भाजपा नेता दौलत पाठे,अयोध्या सोनी,प्रमोद श्रीवास (युवा मोर्चा महामंत्री) युवा नेता अरविंद वर्मा,आनंद वर्मा,पंचायत सरपंच,जनपद सीईओ सुरेश कुमार इन्दौरकर,सहित सभी विभाग के अधिकारीगण,कर्मचारी,मातृशक्ति,ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## लोगों तक योजनाओं के लिए जानकारी पहुंचाने निकाली यात्रा

**जुन्नारदेवः** ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत जम्बाकिराडी एवं नवेगाव कला मे पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती,मंडल अध्यक्ष राजू नंदवंशी मुख्य रूप से समिलित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को 2047 विकसित भारत बनाने के लक्ष को पूर्ण रूप से साकार किया जा रहा है।इस यात्रा के मध्यम से नथन शाह एवं राजू नंदवंशी ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जनकारी दी गई। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी जुन्नारदेव ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।जिला पंचायत सदस्य अरुण परते ग्राम पंचायत सरपंच मानक ठाकुर किसान मोर्चा जिला उपध्यक्ष भगलाल यदुवंशी जिला आमंत्रित सदस्य भूषण सूर्यवंशी राजू सूर्यवंशी मंडल महामन्त्री चंपालाल सूर्यवंशी कैलास यदुवंशी किसान मोर्चा अध्यक्ष वरिष्ठ नेता बबल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष माखन यदुवंशी अनिमेश वाजपेयी युवा साथी आशीष सूर्यवंशी,युवामोर्चा महामन्त्री सुरेश यदुवंशी किसान मोर्चा महामन्त्री राकेश यदुवंशी, डिकेश यदुवंशी गोपाल यदुवंशी वरिष्ठ नेता पूरण यदुवंशी कलीराम यदुवंशी मिथुन अरसे छिन्दीकामथ सरपंच रामभाहु कडापे सम्मिलित हुए।



# 21 जनवरी को जुटेंगे तीन राज्यों के बौद्ध अनुयायी

### जिला स्तरीय बौद्ध धम्म सम्मेलन पर गांवों में हो रही बैठकें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

21 जनवरी को सौसर बाजार चोकजिला स्तरीय बौद्ध धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी के द्वारा जोर-शोर से तैयारी के साथ में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र कुड़ड़म रामपेठ कच्चीढाणा पलासपानी नादेपुर,कोपरावाड़ी खुर्द आदि गांव में आयोजन के प्रचार प्रसार साथी ग्रामीणों की बैठक करते हुए आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने को लेकर निवेदन किया है। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया कि 21 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ के नेतृत्व में जिला स्तरीय बौद्ध धर्म सम्मेलन सौसर में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकरजी के नाती राजरतन अंबेडकर का आगमन होने जा रहा है। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर, प पु भदत राजरतन,भन्ते सारिपुत्र,भदत शीलरक्षित महाथेरो, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशांक जाधव, अनिल जवादे,म.प्र. अध्यक्ष मुकुल वाघ, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष दिनेश हनुमंते,आंबेडकरी वक्ता उषाताई बौध्द, वर्धा जिला अध्यक्ष विशाल मानकर,नागपुर ग्रामीण अध्यक्ष रजीत राउत आदि मौजूद रहेंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**जुन्नारदेव।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस भाजपा जनों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। स्थानीय दीनदयाल पार्क में भाजपा जनों ने स्वर्गीय अटल जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर पार्क में सफाई अभियान चलाया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडेसलोडे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन ने स्वर्गीय अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ओमी हुड़िया,विष्णु शर्मा,दर्शन मिगलानी,तरुण उपाध्याय मौजूद रहे।



## शिक्षिका के साथ मारपीट करने वालों पर कारवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

गत दिवस ग्राम तिगांव की संजय गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका किशोरी बोबडे के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग करते हुए तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने थाना प्रभारी को अपनी लिखित शिकायत सौंपी है। कर्मचारी संगठन मारपीट मामले की कडी निंदा करते हुए शासकीय सेवकों को संरक्षण की मांग की है। इस मौके परे संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले, शेषराव रेवतकर, रामगोपाल भोयर, सुभाष कडू, पन गुडधे, राजू वानखडे तथा धनराज कवडेती के अलावा अन्य मौजूद रहे।

# पति-पत्नी में सुलह कराकर किया मुंह मीठा

### पुलिस परामर्श केंद्र में अनेकों प्रकरणों में काउंसलरों ने की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



अनु विभागीय अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव श्री के के अवस्थी जी के मार्गदर्शन में प्रति शनिवार संचालित होने वाले पुलिस परामर्श केंद्र दमुआ में आज अनेकों प्रकरणो में काउंसिलिंग की गई जिसमें दो प्रकरणों में पति.पत्नी के बीच सुलह हुई पहला मामले में पति.पत्नी आपस मे कहा सुनी हो रही थी एवं छोटी.छोटी बातों को लेकर दो.तीन वर्षों से अलग.अलग जीवन यापन कर रहे थे।

काउंसलरों ने दोनों को बुलवाकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करवाया एवं पति.पत्नी की परिवार एवं सामाजिक में कितनी अहम भूमिका रहती है।

आने वाले बच्चों पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है तथा परिवार में पति.पत्नी की अपनी.अपनी क्या.क्या जिम्मेदारियां होती है समझाया दोनो पति पत्नी ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवा कर आगामी समय में छोटी.मोटी बातों को छोड़कर साथ रहने की सहमति प्रदान की वही दूसरे प्रकरण में भी इसी प्रकार पति.पत्नी के शादी के 4 साल बाद ही आपस में पारिवारिक बातों को लेकर तथा आपसी गलतफहमी को लेकर विवाद चल रहा था।

वहीं काउंसलरो द्वारा दोनों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनकर उनकी गलतियों का एहसास करवाया पति.पत्नी दोनों ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए साथ में रहने के लिए तैयार हुए तथा एक दूसरे को फूलों का गुलदस्ता देकर एवं मुंह मीठा खिलाकर साथ में रहने के लिए तैयार हुए काउंसिलरों में प्रभारी श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा श्री ओ.पी. सोनी जी श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य जी एवं श्री छबिलाल मालवीय उपस्थित रहे।

### नैना देवी के महंत झीनानंद जी आमंत्रण पर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल

# प्रभु राम एवं हनुमान की झांकी के साथ निकली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



पांच सौ वर्षों के पश्चात हमारे पूर्वजो के अथक संघर्ष एवं स्वयं की आहूतियो के पश्चात अब ईस पीढी को यह पवित्र,पावन,ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होने जा रहा है जब भगवान राम जी के जन्म स्थान अयोध्याजी मे आगामी 22जनवरी 2024 को नवनिर्मित भव्य और दिव्य मंदिर मे प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। पूरे देश के साथ साथ तामिया ग्राम मे भी आनंद और उत्साह के साथ आज कलश यात्रा और जन जागरण रैली निकली। इसे भव्य रूप देने के लिये हिंदू उत्सव सामिति द्वारा तामिया मे भी आगामी 25 दिसंबर को अयोध्या से पहुचे पवित्र अक्षत कलश के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। खेडापति माता मंदिर से कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुये पावर हाउस, फारेस्ट कालोनी से बस स्टैंड,ग्राम पंचायत तिराहे से ब्लाक कालोनी से वापस मातामंदिर पहुंची। जहाँ खेडापति माता मंदिर में आरती पश्चात कलश यात्रा का समापन हुआ।राम मंदिर की भव्य कलशयात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये ग्राम के सनातनी भाई बहनो ने सहयोग किया- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जन जागरण अभियान कार्यक्रम की योजना एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से हिंदू उत्सव समिति एंवखेडापति माता मंदिर समिति तामिया के तत्वाधान में खेड़ापति माता मंदिर सें भव्य हिन्दू कलश और जनजागरण यात्रा निकाली गई। इस भव्य आयोजन में नैनादेवी तुलतुला मंदिर के पुजारी झींनान्द जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि आगामी 22 जनवरी को तामिया से तुलतुला मंदिर के झींनानंद जी 18 जनवरी को रवाना होंगे । 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर तामिया से उन्हें इस एतिहासिक आयोजन के लिए आमंत्रण मिला है।। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी के साथ हनुमान जी की प्रतिमा का चल समारोह निकला। इस तरह आज धार्मिक वातावरण में अक्षत कलश यात्रा में जय श्री राम के नारे एवं उनके गीत पूरी कलश यात्रा के दौरान बजते रहे। जिससे तामिया का पूरा माहौल भगवान राम मय हो गया। इस अक्षत कलश यात्रा में महिला पुरुषों सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। और इस कलश यात्रा को सफल बनाया। इस तरह आज धूमधाम से निकली गई अक्षत कलश यात्रा की सफलता से ओत प्रोत राम भक्त 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे भगवान श्री राम के प्राण, प्रतिष्ठा समारोह में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आज ही। धार्मिक भावना से तैयार हो गए हैं।

### आज रात्रि 8 बजे से गोल गंज में होगी संजीव जैन दिल्ली की भजन संध्या

# श्रीजी के चल समारोह से प्रारंभ हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार द्वारा 25 दिसंबर से गोल गंज के वीतराग भवन में विविध अनुष्ठानों के साथ आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ हुआ।श्रीजी का भव्य चल समारोह निकला -मंगलमय प्रसंग पर प्रातःकाल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने श्री आदिनाथ जिनालय में पूजन कर श्रीजी का भव्य चल समारोह निकाला जिसमे रजत विमान में श्रीजी को विराजमान कर नगर का भ्रमण किया जिनके साथ मां जिनवाणी, अष्ट प्रतिहार्य एवं अष्ट मंगल द्रव्य लेकर श्राविकाओं ने चल समारोह की शौभा बढ़ाई। इस अवसर पर सकल जैन समाज ने चल समारोह का आत्मीय अभिनंदन किया।ये रहे सौभाग्यशाली परिवार -चल समारोह में रजत विमान में श्रीजी को विराजमान करने का सौभाग्य मुख्य आयोजक बाबाजी परिवार को मिला साथ ही कार्यक्रम स्थल वीतराग भवन पर गोविंदप्रसाद अभिषेक जैन परिवार ने ध्वजारोहण किया तो सुरेंद्रकुमार पीयूष जैन परिवार को विधान का उदघाटन करने का सौभाग्य मिला। सर्वश्री रमेशचंद्र, प्रमोदकुमार, अभिषेक जैन परिवार, डॉ.के. सी. जैन, प्रतीक जैन, प्रकल्प जैन परिवार, सुरेंद्रकुमार, सौरभकुमार, सनिलकुमार जैन, सेवकचंद्र जैन परिवार एवं श्रीमती प्रगति राजेश जैन परिवार पांच परिवार द्वारा पंच परमागम मां जिनवाणी विराजमान कर सभी ने सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ किया।

### इनकी रही उपस्थिति

श्रीजी के चल समारोह में छिंदवाड़ा सहित पूरे देश से जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की जिनमे सर्वश्री बाल ब्रह्मचारी अभिनंदन शास्त्री खनियाधाना, पंडित अशोक लुहाड़िया अलीगढ़, राजकुमार शास्त्री, उदयपुर, डॉ. मनीष शास्त्री मेरठ, पीयूष शास्त्री जयपुर, अजीत शास्त्री अलवर ।

### क्रिसमस डे पर खैरीतायगांव में हुआ आयोजन



**सौंसर।** ग्राम खैरीतायगाव में क्रिसमस डे पर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए क्रिसमस पर्व मनाया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सौसर विधायक विजय चौरे के द्वारा सभी लोगों को क्रिसमस की बधाई देते हुए प्रभु यीशु से सुख समृद्धि एवं क्षेत्र में खुशी के लिए मंगलकामनाएं की। क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलिमा पाटिल,नरेद्र पाटिल,कांग्रेस नेता किशोर खरपुरिया,शिव मोहन शर्मा,निलेश गजभिए,हर्षल पिंघले आदि उपस्थित थे।

### अतिथि शिक्षकों की भर्तियों में घोर लापरवाही

**दमुआ।** शासकीय माध्यमिक शाला बृजपुरा में अतिथि शिक्षक भर्ती में घोर लापरवाही की गई है माध्यमिक शाला में बृजपुरा मे तीन अतिथि शिक्षक रखे गए हैं जो की वह संस्था में अध्यापन का कार्य करते हुए डी एड /बी एड की भी पढ़ाई कर रहे हैं जो कि नियम विरुद्ध है जबकि शिक्षा विभाग के द्वारा स्पष्ट गाइडलाइन में कहा गया है कि जो शिक्षक डी एड/बी एड की परीक्षा पास कर लिया हो ऐसे अतिथि शिक्षकों को रखा जाना चाहिए परंतु अधिकांश विद्यालयों में देखा जा रहा है कि बिना डी एड/बी एड किए ही अतिथि शिक्षकों को नियुक्त कर लिया जाता है जो की नियम विरुद्ध है । ऐसा ऐसा लगता है कि जन शिक्षक एवं प्रधान पाठक की मिली भगत से ऐसे अपात्र अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जा रही है यदि सूक्ष्मता से शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी अतिथि शिक्षक भर्ती की जांच करें तो संबंधित जवाबदारी प्रधान पाठक एवं जन शिक्षक की घोर लापरवाही सामने आ सकती है इस तरह विकास खंड जुन्नारदेव के अंतर्गत माध्यमिक शाला बृजपुरा एवं माध्यमिक शाला रामपुर सहित अन्य माध्यमिक शालाओं में अतिथि शिक्षकों की भर्तीयो में घोर लापरवाही करने की बात स्पष्ट रूप से सामने आ जाएगी।

## मन्दिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा में तुलसी पौधा भेंट कर मनाया तुलसी पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी आश्रम खजरी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार तुलसी पूजन हर्षोल्लास से मनाया गया । श्री योग वेदांत सेवा समिति के मार्गदर्शन में जिले के सैकड़ों स्कूलों में तथा अन्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में यह आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ । पर्यावरण संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों की महत्ता पूरे विश्व में नजर आई । समिति ने आम जनमानस को तुलसी पौधे के अनगिनत फायदे से अवगत करवाया ।

मन्दिर , मस्जिद , चर्च , गुरुद्वारा के आलावा जिले के उच्च अधिकारी जिसमें जिला कलेक्टर , जिला पुलिस अधीक्षक , एस. डी. एम. , नगर निगम कमिश्नर , जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों को तुलसी पौधा भेंट किया । उधर गुरुकुल में अध्ययनरत देश के 24 राज्यों और विदेश के विद्यार्थियों ने भी तुलसी पूजन का लाभ लिया। समिति की इस सेवा से जिले में लगभग 7 लाख लोग लाभान्वित होने की खबर है । पूज्य बापू जी द्वारा प्रेरित तुलसी पूजन ₹ विश्व व्यापी अभियान ₹की देश सहित पूरे विश्व में जमकर सराहना की गई है। सोशल मीडिया पर भी तुलसी पूजन की धूम रही ।

इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , सोमनाथ पवार , दीपिन दोईफोड़े ,देशराज राठौड़, भूपेश पहाड़े , ओम प्रकाश डहेरिया , सुभाष इंग्ले , महिला समिति से विमल शेरके , छाया सूर्यवंशी, डॉ. मीरा पराड़कर , शकुंतला कराड़े , आदि ने अपनी- अपनी सेवाएं दी। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी ।

## पुराना बस स्टैंड में नगर पालिका अभी तक नहीं बना पाई शौचालय की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड क्रमांक 13,14,15 जैसे 3 वार्डो से घिरा सबसे बड़ा आबादी वाला क्षेत्र जो कि दमुआ शहर के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र के एरिया क्षेत्र मे आता है जहां पर अधिकांश नागरिकों, जनमानस ग्रामीण जनों, बाहर से आए हुए व्यक्तियों जैसे महिला पुरुष बुजुर्ग बच्चों आदि आम जनमानस सभी को पुराना बस स्टैंडक्षेत्र में आना जाना पड़ता है जहां पर मेन मार्केट एरिया क्षेत्र कहलाता है और लोगों का आना-जाना प्रतिदिन बना रहता है ऐसे हालात में कभी-कभी लोगों को शौचालय एवं पेशाब घरत जाने के लिए उन्हें उन्हें शौचालय ढूंढना पड़ता है बेचारे फिजूल में परेशान होते रहते हैं मजबूरन जाकर लोगों से पूछ कर टॉकीज के मार्ग में पहुंचकर लोग खुले में पेशाब कर रहे हैं हालात यह है कि लोगों के खुले में पेशाब करने से आने जाने वालों लोगों के रास्ते में पेशाब बहता दिखाई देता है और बदबू भी आती है जिससे नागरिक एवं राहगीर परेशान है क्योंकि उन्हें गंदगी वाले रास्ते से आना जाना पड़ता है ऐसी परिस्थितियों में नगर पालिका दमुआ द्वारा पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में शीघ्र मूत्रालय बनाया जाना चाहिए जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके जबकि इतने बड़े पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में पीने के पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नगर पालिका द्वारा नहीं बनाई गई है जबकि पहले तो पानी के स्टैंड लगाए गए थे जिससे लोगों को समय पर पानी मिल जाया करता था परंतु आज के हालात में लोग बस स्टैंड क्षेत्र में पीने के पानी के लिए तरसते एवं हलकान होते नजर आते हैं इसीलिए नगर पालिका के संबंधित विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि पानी की विकल्प व्यवस्था भी बनाना चाहिए जिससे लोगों को पीने का पानी मिल सके।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



भंसाली विद्या मंदिर सातनुर का वार्षिक उत्सव विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ में संपन्न हुआ है। छात्र-छात्राओं के द्वारा दी गई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों सहित अतिथियों पालकों का मनमोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केजी से लेकर दसवीं तक के लगभग 610 विद्यार्थियों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देते हुए दर्शकों की तालियां बटोरी। आयोजन में छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं धार्मिक भावनाओं सहित सामाजिक संदेश देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप शेंद्रे महाप्रबंधक भंसाली कंपनी, डॉ अनिल करवंदे ईश्वर देशमुख नागपुर, संस्था प्राचार्य जाहिर पटेल थे। आयोजन में अतिथियों द्वारा पिछले वर्ष कक्षा दसवीं के उच्चतम अंक प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय पत्रिका पहल का विमोचन किया गया। स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। प्राचार्य जहीर अहमद पटेल के मार्गदर्शन में एवं संगीत शिक्षक सबील अहमद खान के ओवरऑल कोऑर्डिनेशन में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर भंसाली कंपनी एमडी बाबूलाल भंसाली,ज्वाइंट एमडी जयेश भंसाली ने विद्यालय प्राचार्य जहीर अहमद पटेल , शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को सफलतम आयोजन के लिए बधाइयां दी।

### हजरत रहमत उल्लाह चिरागुद्दीन सखी पीर बाबा के उर्स में होंगे विविध कार्यक्रम

## महादेव पहाड़ी रमरमा माइंस में दो दिवसीय उर्स 31 से

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



नगर मुख्यालय से लगभग 22 किमी दूर कटंगी मार्ग पर स्थित वन परिक्षेत्र वारासिवनी के वन संपदा से घीरी ग्राम पंचायत रमरमा अंतर्गत महादेव पहाड़ी के पास पहाड़ो में स्थित हजरत रहमतउल्लाह चिरागुद्दीन सखी पीर बाबा का दो दिवसीय नौवां उर्स पाक का आयोजन नववर्ष के शुभ अवसर पर 31 दिसम्बर से उर्स सम्मेलन कमेटी रमरमा के तत्वाधान में किया जा रहा है। उक्ताशय जानकारी देते हुए आयोजक समिति संचालक अब्दुल बाशीद खान ने बताया कि 31 दिसम्बर 2023 को बाद नमाज मगरीब शाम 7 बजे मिलाद शरीफ व कुरान खानी वही 1 जनवरी 2024 को प्रातः 8 बजे रमरमा मरारीटोला से शाही संदल निकाला जायेगा जो पूरे गांव का गस्त करते हुए बाद नमाज ए जोहर अर्थात 2 बजे दरगाह शरीफ पहुंचेगा जहां अदबो अहतराम से दरूदे फातिया व सलातो सलाम पेश किया जायेगा। श्री खान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल, कांग्रेस कमेटी वारासिवनी ब्लाक अध्यक्ष भोजेश पटले, राहुल गांधी विचार मंच अध्यक्ष जावेद अली, महामंत्री राजा अली, वारासिवनी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, ग्राम सरपंच श्रीमती इमलाबाई बिसेन एवं ठेकेदार इमरान अली के मुख्य आतिथ्य, कटंगी विधायक गौरव पारधी व जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन की अध्यक्षता एवं बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट अशोक सरस्वार, उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, समाजसेवी तबरेज अली, मोहसिन खान, कांग्रेस कमेटी खमरिया अध्यक्ष दमनसिंह रहांगडाले व पांढरवानी/लालबर्रा सरपंच अनीस खान के विशेष आतिथ्य में किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रियजनो से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील उर्स सम्मेलन कमेटी अध्यक्ष शोहेब खान, उपाध्यक्ष अ. समद खान, चंद्रप्रकाश रोनू बिसेन, सचिव जलील कुरैशी, शफीक खान, कादर खान, कोषाध्यक्ष जलील अहमद, पवन बागड़े, संयोजक रज्जाक भाई, अब्दुल बाशिद खान, साजिद खान, मो. आसिफ, संचालक आशाराम कावरे, भूपेन्द्र पिलगर, अशोक परिमल, भोजलाल ठाकरे, आयोजक मो. रफीक खान, विनोद सूर्यवंशी, सिराज खान, लालसिंह मर्सकोले, सदस्य उपसरपंच देवसिंह धुर्वे, संतोष शेन्डे, महेन्द्र केलकर, रवेसिंह धुर्वे, ईशाक खान, प्रहलाद बिसेन, रमेश बिसेन, अब्दुल खान, दुर्गाप्रसाद राउत, प्रशांत बिसेन, मंजीत खान, पुरनलाल मुड़ताम, सलमान खान, समीर खान, सुलेमान खान, हमीम खान, हामिद अली, ढालसिंह रहांगडाले, राजेन्द्र कुमरे, प्रमोद आंधवान, विनोद भलावी, अंसार कुरैशी, हमीद खान, कलीम, शेख फरीद, फरमान खान, शेख इसराईल, राजा पन्द्रे, सत्यदेव उइके, समीम खान, कासिम खान, अय्युब खान, शेख रहीम, भजन पंजरे, अशोक सूर्यवंशी, मोहित लिल्हारे, बुध्दसिंह मुड़ताम, साधुराम उइके सहित समस्त ग्रामवासीयो ने की है।

## बस स्टैंड व गणेश मंदिर में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी का 99 वाँ जन्मोत्सव शहर के बस स्टैंड परिसर सहित बालाघाट मार्ग स्थित गणेश मंदिर परिसर व पूर्व विधायक के जनसंपर्क कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। बस स्टैंड परिसर में जहाँ पुरानी और नई भाजपा ने अटल जी का जन्मदिन मनाकर गरीबों को कंबल वितरित करने के साथ ही नवीन बस स्टैंड निर्माण के समय से ही परिसर की साफ सफाई का कार्य सम्हाल रहे नपाकर्मी मोती काका का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

वहीं पूर्व विधायक और भाजपा को वारासिवनी क्षेत्र में पहचान दिलाने वाले डॉ योगेंद्र निर्मल ने अपने साथियों के साथ शहर के गणेश मंदिर में अटल जी का जन्मदिन मनाया। जहाँ पर उन्होंने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपा का पितृ पुरूष बताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हमारे लिए पूज्यनीय हैं। उन्होंने देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया, उनके नेतृत्व में देश ने विकास के पथ पर गति पकड़ी थी। उनके कार्यकाल में देश ने चुनौतीपूर्ण परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु सम्पन्न देशों की श्रेणी में लाकर खड़े किया। उन्होंने देश भर प्रधानमंत्री सडक़ योजनाओं पर कार्य कर ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोडऩे का कार्य किया। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचलों के लोगों को शहरों तक आने में अब कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता हैं।

पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल ने मुख्य आयोजन स्थल बस स्टैंड नहीं जाने पर कहा कि अटल जी का जन्मोत्सव हमारे द्वारा वर्षो से बस स्टैंड परिसर में मनाया जाता रहा हैं। लेकिन इस बार उन्हें और पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को वहाँ नहीं बुलाया गया। इसलिए आज उन्होंने पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ गणेश मंदिर में अटल जी का जन्मदिन मनाकर उन्हें आदरांजलि दी हैं।

नवीन बस स्टैंड का नामकरण अटल जी के नाम पर किया था डॉ. निर्मल ने

विदित हो कि डॉ योगेंद्र निर्मल के नपाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान नवीन बस स्टैंड का निर्माण कर बस स्टैंड का नामकरण प्रधानमंत्री सडक़ योजना के जनक पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया था। तब से बस स्टैंड परिसर में डॉ निर्मल के नेतृत्व में ही अटल जी का जन्मदिन मनाया जाता हैं। लेकिन भाजपा की गुटीय राजनीति के चलते इस मर्तबा उन्हें बस स्टैंड के मुख्य कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया। जिससे व्यथित होकर उन्होंने अपने पुराने साथियों के साथ मिलकर गणेश मंदिर में अटल जी का जन्मदिन मनाया।

इस दौरान डॉ निर्मल के साथ पूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन, पूर्व मंडी अध्यक्ष अजय बिसेन, चन्द्रकुमार हरिनखेड़े, हीरामन राहंगडाले, कुँवर लाल ठाकरे, झामसिंह बिसेन, मूरत सिंह पारधी, नाना भाऊ ठाकरे, सुश्री सुनीता नगपुरे, कृष्णा हनवत, नाथूराम बांगडे, दुर्गाजी केनावत, दिगम्बर पटले, नेतराम चौधरी, मानिक ठाकरे, किशोर सोनवाने, पीताम्बर नागेश्वर, फुलचंद पटले, भानु प्रसाद पटले, महेश पारधी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गोंगलई से 01 जनवरी को निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा

**बालाघाट।** प्रतिवषानुसार आगामी 01 जनवरी 2024 को नववर्ष के उपलक्ष्य में मॉ अन्नपूर्णा देवी को चुनरी भेंट की जायेगी। जहां भव्य चुनरी यात्रा बालाघाट जिला मुख्यालय के निकटतम ग्राम गोंगलई से मॉ अन्नपूर्णा कोठीपाठ धाम गढदा बुढैना के लिये निकाली जावेगी। यह चुनरी यात्रा ग्राम गोंगलई से प्रारंभ होकर विभिन्न गांवो की मार्ग परिक्रमा कर मां अन्नपूर्णा देवी के कोठीपाठ धाम गढ्दा बुढैना पहुचेगी और यहा श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी को चुनरी चढाई जायेगी। वैसे तो पूरे मास मातारानी की भक्तिभाव से पूजा अर्चना की जाती है तो वही नववर्ष के अवसर पर हर साल 01 जनवरी को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन भी किया जाता है। देश की अमन शांति की प्रार्थना करते हुए नवीन वर्ष 2024में श्रद्धालुओ द्वारा 01 जनवरी को गोंगलई से भक्तिमय माहौल में चुनरी यात्रा निकाली जायेगी। जहां मां अन्नपूर्णा देवी को चुनरी भेंट कर मन्नत मांगी जायेगी। यह चुनरी यात्रा ग्राम गोंगलई से प्रारंभ होगी और नवेगांव, नैतरा, लिंगा, लोहारा, परसपानी, गढदा, बुढैना मार्ग होते हुए मां अन्नपूर्णा के कोठीपाट धाम पहुचेगी और मॉ अन्नपूर्णा देवी को नववर्ष के अवसर पर चुनरी भेंट की जावेगी। इसके अलावा मातारानी के दरबार में हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसको लेकर यहां समिति कार्यकर्ताओ व श्रद्धालुओ के द्वारा तैयारीयां प्रारंभ कर दी गई और उनमें इस आयोजन को लेकर उत्साह भी देखा जा रहा है। श्रद्धालुओ से अपील की गई है कि वे इस भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होकर मातारानी का दर्शन लाभ ले।

## उष्णा प्लांट की काली राख से वार्डवासी परेशानी, विधायक से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 03 में कथित तौर पर अवैध तरीके से संचालित संत जयराम दास उष्णा मिल के प्लांट से निकलने वाली काली राख और दूषित पानी से वार्डवासी खासे परेशान है. जिसके चलते सोमवार की शाम वार्डवासियों ने कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव पारधी से उनके पाथरवाड़ा रोड़ स्थित कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की और उष्णा प्लांट को बंद करवाने की मांग रखी. दरअसल, उष्णा प्लांट को बंद कराने की मांग काफी लंबे समय की जा रही है कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा राजनीतिक दबाव के चलते प्लांट को बंद भी करवाया गया लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कागजी कार्रवाई नहीं होने की वजह से हर बार प्लांट संचालक न्यायालय से एक नया आदेश लेकर प्लांट के संचालन को जारी रखे हुए है. मौजूदा वक्त में एसडीएम न्यायालय में यह प्रकरण लंबित है. शिकायतकर्ताओं का यह आरोप है कि अधिकारी जानबूझकर प्लांट संचालक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करते. बता दें कि प्लांट से निकलने वाली काली राख से वार्डवासियों को कई तरह की जानलेवा बीमारियां होने लगी है. वहीं प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी से किसानों की कृषि भूमि बर्बाद हो रही है. करीब 06-07 सालों से यह प्लांट संचालक और वार्डवासियों के बीच प्रशासनिक लड़ाई जारी है।

बताया जाता है कि उष्णा प्लांट के संचालन के लिए नगर परिषद कटंगी से एनओसी नहीं ली गई. वहीं पूर्व में जब मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड तक वार्डवासियों ने शिकायत की थी तो प्लांट संचालक को दोषी पाया गया था और अधिकारियों ने अपनी जांच कार्रवाई में यह पाया था कि प्लांट का संचालन तय मापदंड के मुताबिक नहीं हो रहा है. यह बात भी जानना बेहद आवश्यक है कि करीब 02 साल पहले कटंगी के तत्कालीन एसडीएम ने प्लांट का बिजली कनेक्शन अवरुद्ध करने यानी की काटने के आदेश बिजली विभाग को दिए थे लेकिन आज तक एसडीएम के इस आदेश का पालन नहीं हुआ. जिससे साफ जाहिर होता है कि प्लांट संचालक को तमाम जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण प्राप्त है. ऐसा नहीं कि प्लांट संचालक को केवल अधिकारियों से ही संरक्षण मिला हुआ दिखाई देता है बल्कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों का भी प्लांट संचालक को संरक्षण मिला हुआ था।

वार्डवासियों ने विधायक को बताया कि प्लांट से निकलने वाली काली राख से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. घर के बच्चों से लेकर वृद्धजनों को श्वास संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है. सुबह और शाम के वक्त घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. वार्डवासियों की शिकायत सुनकर विधायक ने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले में अधिकारियों से नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा जाएगा ताकि वार्ड की जनता को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस ब्लॉक वारासिवनी की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रतनलाल बिरनवार की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा द्वारा वारासिवनी विकासखंड की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस मौके पर बी एल चौधरी उप प्रांताध्यक्ष की अध्यक्षता च मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा की उपस्थिति में में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर राधेश्याम बिजेवार प्राथमिक शाला भिवारी टोला, गिरधारी रोकडे माध्यमिक शाला सरंडी, संजय जांगजुड़े प्राथमिक शाला मेंहदीवाड़ा, संगठन सचिव पद पर कृष्ण कुमार चौधरी माध्यमिक शाला अब्दुल्लाटोला, अरुण कुमार गोंडाने हाई स्कूल झाडग़ांव, सहसचिव श्याम बिसेन प्राथमिक शाला मेंहदीवाड़ा, धूरनलाल राहंगडाले माध्यमिक शाला गटापायली, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप नागवंशी प्राथमिक शाला धोबीटोला, चेतेश्वर बिसेन माध्यमिक शाला चुटिया, श्रीमती वैशाली देवगड़े हाईस्कूल कोचेवाही, श्रीमती प्रीति वैद्य प्राथमिक शाला कासपुर, श्रीमती करुणा नंदा हाई स्कूल मंगेझरी, टोपेंद्र बघेले प्राथमिक शाला चिचटोला, गिरजाशंकर बिसेन प्राथमिक शाला सलाई टोला, गजेंद्र भोयरकर प्राथमिक शाला बिठली बनाए गए। सभी पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष एवम् उप प्रांताध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र देकर तथा पुष्पहार पहना कर स्वागत किया गया और अपेक्षा रखी गई कि सभी मिलकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर एन के डोंगरे, प्रदीप कोसरकर, नरेंद्र डोहरे, रतनलाल बिरनवार, जितेंद्र तिवारी, दिलीप पटले आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## गोलू उइके जिला अध्यक्ष मनोनीत



क्षेत्रीय महामंत्री ने जारी किया नियुक्ति पत्र

सिवनी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय और बजरंग दल महाकौशल प्रांत के लिए अनीस गोलू उइके को सिवनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हिंदू सम्राट के नाम से जाने जाने वाले प्रवीण तोगड़िया के इस संगठन में क्षेत्रीय महामंत्री मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के महामंत्री बेटू चंदेल ने इस आशय का नियुक्ति पत्र जारी किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि संगठन के विस्तार के साथ हिंदुत्व के कार्य को आगे बढ़ाया जाए। इस नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप गोवा में सिवनी के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड 4 सिल्वर 8 ब्रांच मेडल जीता

**जिला कराते सिवनी ट्रेडीशनल एंड स्पोर्ट्स कराते डू इंडिया के खिलाड़ी 23 एवं 24 दिसंबर 2023 नेशनल कराते चैंपियनशिप पंजी, गोवा में आयोजित की गई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

एस.सी.के.एफ.आई. के प्रेसिडेंट सेंसेई महेश कुशवाहा सर के मार्गदर्शन में इस चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। सेंसेई ओमकार कश्यप ने बताया कि कराते टीम को लेकर नेशनल रेफरी सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में सिवनी के खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया और जबरदस्त जीत हासिल की। जिसमें कुमारी पवनी उईके उम्र 13 वर्ष कुमिते में 58kg में गोल्ड मेडल प्राप्त किया एवं काते में ब्रांच मेडल प्राप्त किया, हुमशिका पन्द्रे 9 वर्ष कुमिते में 25kg सिल्वर मेडल प्राप्त किया, धैर्य सोनी 12 वर्ष 40kg कुमिते में सिल्वर काता में ब्रांच मेडल प्राप्त किया, प्रशंसा वर्मा उम्र 13 वर्ष 45kg कुमिते में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, मीनाक्षी कश्यप उम्र 13 वर्ष 30kg कुमिते में ब्रांच मेडल प्राप्त किया, कृतिका पांडे उम्र 15 वर्ष 49kg कुमिते में ब्रांच मंडल प्राप्त किया, अमिताभ सिंह बघेल उम्र 16 वर्ष 62kg कुमिते में सिल्वर मेडल एवं काते में ब्रांच मेडल प्राप्त किया, अनन्या तिवारी 16 वर्ष 60kg काते में गोल्ड तथा कुमिते में ब्रांच मेडल प्राप्त किया, मोनिका पन्द्रे उम्र 19 वर्ष 55kg कुमिते में ब्रांच मेडल एवं काता में ब्रांच मेडल प्राप्त किया। समस्त खिलाड़ियों ने सिवनी जिले के नाम को गौरवान्वित किया।



## लायंस क्लब ने जरूरतमंद लोगों है को कंबल वितरण किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लायंस क्लब सिवनी मोगली द्वारा ग्राम आमाझरिया में जरूरतमंद लोगों है को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर सुनील मालू , डॉक्टर अभिजीत चौहान , अध्यक्ष प्रफुल्ल मालू उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल , सचिव राजीव मिश्रा एवं धीरज भूरा जी उपस्थित रहे।


## श्री माता दुर्गाम्बा का भव्य शोभा यात्रा क्लश यात्रा के साथ नवम पाटोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

नगर के हृदय स्थल में विराजित श्री माता दुर्गाम्बा का द्वय दिवासीय नवम पाटोत्सव शास्त्री शशिभूषण तिवारी, पंडित ब्रजराज दुबे,पंडित रामेश्वर तिवारी, पंडित प्रशांत कल्लू तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रो शास्त्र विधी से दिनांक 24 एवं 25 दिसम्बर 2023 मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी एवं चतुर्दशी को नगर भ्रमण शोभायात्रा के साथ आयोजित किया गया। - दिनांक 24 /12 /23 को नवावरण पूजन, श्री माता पूजन , सप्तशती चंडीपाठ, हवन पूजन एवं सुहासिनी पूजन एवं दिनांक 25 /12/ 2023 को प्रातः 10:00 बजे से संगीतमय नगर भ्रमण शोभायात्रा, अपरान्ह समय छप्पन भोग अर्पण , महाप्रसाद भंडारा एवं महा आरती के साथ नवम पाटोत्सव सम्पन्न हुआ।

शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को मंदिर समिति के सदस्यो नगर के प्रबुद्ध जनों ,बालक बालिकाओं का बिशाल जनसमूह नगर भ्रमण 120 बालिकाओं की भव्य क्लश यात्रा बहार से आये दुलदुल घोडी नृत्य, क्षेत्रीय साज संगीत के साथ दुर्गा मंदिर से खेरमाई मंदिर ,जैन मंदिर ,मुख्य सिवनी मार्ग, बस स्टेन्ड ,बाजार चौक होते हुए वापिस मंदिर में पहूंचकर बालिकाओं की पूजन विनय भेट -एवं श्री माता को मंदिर के प्रधान सेवक श्री प्रमोद मोदी, विशाल मोदी परिवार के द्वारा छप्पन भोग अर्पण किया। महाप्रसादी एवं भंडारा के साथ देवी दुर्गा का नवम पाटोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

# दिलखुश स्कूल में मनाया गया एनुअल डे






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के मध्य स्थित दिलखुश स्पेशल स्कूल में गत दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एनुअल डे के रूप में जिसमें मुख्य अतिथि जो कि कांग्रेस कामगार संघ के अध्यक्ष नितिन शुक्ला उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें खेल कूद नृत्य गायन वादन मिशन स्कूल की प्रिंसिपल एस कुमार फादर, विकास जोसेफ, दिलखुश स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर विनीता सिस्टर जोशना सिस्टर ममता और दिलखुश स्कूल की टीचर ममता यादव अंजलि तिवारी कंचन धुरिया की उपस्थिति में इन कार्यक्रमों को संपन्न किया गया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया दिलखुश स्कूल विकलांग बच्चों का स्कूल है इस स्कूल में 40 बच्चे उपस्थित है इन बच्चों के देखरेख इनकी समय-समय पर उपचार समय-समय पर उनकी एक्टिविटीज शिक्षा का ज्ञान दिलखुश स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर विनीता के द्वारा संपन्न कराई जाती है सिस्टर विनीता का कहना है कि इन बच्चों के बीच में रहकर मुझे बड़ी खुशी मिलती है जब मैं इनके लिए कुछ करती हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि मैं ईश्वर के लिए कर रही हूं बस इसी सेवा भाव इनकी देखरेख करती हूं बच्चों ने पूरे कार्यक्रम में आती उत्साह के साथ हिस्सा लिया और बड़े उमंग के साथ कार्यक्रम के सहभागी बने।

## काजोल दत्ता को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कृषि प्रधान सिवनी और बालाघाट जिले में नकद फसलों का उत्पादन और विपणन व्यवस्थाओं पर विस्तृत शोध करने के बाद काजोल दत्ता ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। जबलपुर रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय से पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाली काजोल दत्ता बारापत्थर बाहुवली क्षेत्र निवासी मृणाल दत्ता व रेखा दत्ता की सुपुत्री हैं, जिन्होंने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सीमा पटारिया के मार्गदर्शन में तैयार शोध प्रबंध में काजोल ने सिवनी व बालाघाट में नकद फसलों के उत्पादन व विपणन में किसानों की भागीदारी, बाजार की स्थिति, किसानों की आय बढ़ाने में नकद फसलों की उपयोगिता सहित तमाम बिन्दुओं को शामिल किया है। छात्रा द्वारा तैयार शोध प्रबंध को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने बहुत उपयोगी बताया है। काजोल दत्ता की इस उपलब्धि पर स्वजनों व ईष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सासंद बिसेन ने किया खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी बालाघाट सांसद डा ढालसिह बिसेन के द्वारा आज छेत्र का दौरा करते हुऐ धान खरीदी केन्द्रो का निरिक्षण करते हुऐ किसानो की समस्याऐ सुनी गई तथा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा की जा रही खरीदी मे केन्द्र मे आ रही समस्याओ को सुनते हुऐ तत्काल निराकरण के लिये सम्बंधित अधिकारियो से बात करते हुऐ मौके पर ही निराकरण किया गया तथा अधिकारियो को भी सचेत किया गया की महिला स्व सहायता समूहो के खरीदी से सम्बंधित समस्याओ चाहे वह परिवहन की हो अथवा अन्य कोई समस्या हो तो उसका तत्काल निराकरण किया जाये।

यहा यह बताना भी लाजिमी है की डा ढालसिह बिसेन पूर्व से बरघाट छेत्र की समस्याओ के प्रति जागरूक रहे है तथा समस्याओ के निराकरण मे अहम भूमिका अदा करते आये है यही कारण है की बरघाट छेत्र मे उनके आगमन अथवा पहूचने की सूचना के साथ ही किसान एकत्रित होकर उनसे मुलाकात करने मे पीछे नही रहते है आज डा बिसेन के द्वारा बहूत कुछ समय खरीदी केन्द्र धारनाकला मे देते हुऐ किसानो से सीधे बात की तथा उनकी समस्याओ का निराकरण भी किया तथा महिला स्व सहायता की महिलाओ की समस्याओ को भी सुना डा बिसेन के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय राहगडाले पूर्व विधान सभा प्रत्याशी नरेश वरकडे एवं कार्य कर्ता उपस्थित थे।

## गांव-गांव बिक रही अवैध शराब, शहर के ढाबों पर फल-फूल रहा नशे का कारोबार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर सहित जिले भर में शराब का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है। ठेकेदारों की सप्लाई गांव-गांव तक पहुंच गई है। जहां तय ठिकानों पर शराब धड़ल्ले से बिक रही है। इधर आबकारी विभाग के जिम्मेदार अफसर अनजान बने बैठे हैं। नशे की अवैध दुकानें संचालित होने से युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में तेजी से आ रही है। खास बात यह है कि छतरपुर थानों से जुड़ी पुलिस की कार्रवाई तो अवैध शराब के खिलाफ होती रही है लेकिन आबकारी विभाग की अनदेखी बरकरार है। शहर के बस स्टैंड, लूघरवाड़ा, लखनवाड़ा, जनता नगर, खैरी रोड के ढाबों पर अवैध शराब जमकर बिकती है। जिनकी जांच करने के लिए आबकारी अधिकारी दिलचस्पी तक नहीं लेते। हाल यह है कि पंजीकृत दुकानों से बाइकों और कार के माध्यम से गांवों तक यह अवैध शराब पहुंचाने का सिलसिला जारी है। शहर से गांव तक अवैध शराब का काम ठेकेदार मजबूत नेटवर्क के साथ कर रहे हैं। अवैध कारोबार का यह सिलसिला सिर्फ शराब बेचे जाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि ढाबों में अवैध अहातों के रूप में भी चल रहा है। जहां रोजाना शाम के बाद मयखाना सजने लगता है और शराब ढाबों या होटलों में ही उपलब्ध होती है।

## कोतवाली पुलिस ने किया चोरी का पर्दाफाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह,, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह मरावी व्दारा शहर में हो रही चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है जिसके परिपालन मे घटना इस प्रकार है कि दिनांक 22/12/23 को प्रार्थी इन्दु परते जिंदल अस्पताल के पास ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 17/12/23 को पारिवारिक कार्यक्रम में भरवेली गई थी जो वापस आकर देखी घर का ताला टूटा हुआ था एवं सामान इधर उधर बिखरा हुआ पडा था जो घर में से 52 इंची टी. व्ही एवं एक कमप्युटर एवं 5000 रूपये चोरी होना बताई जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 1095/23 धारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध किया गया थाना प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा टीम गठित कर चोरी पतासाजी करने हेतु आदेशित किया गया जो पुलिस टीम द्वारा पतासाजी करते हुए एक संदेही को हिरासत में लिया गया जिससे कडाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकर किया। जिससे चोरी गया मशरूका बरामद किया गया। जप्ती माल :- एक 52 इंच्ची टी. व्ही, एक सीपीयू, कम्प्यूटर, मानीटर, की-बोर्ड, कुल जुमला राशि :- 55000/- रूपये गिरफ्तार आरोपी :- विकाश सोनी पिता चंद्रपाल सोनी उम्र 25 साल निवासी दलसागर रोड सिवनी सराहनीय कार्य :- निरी. सतीश तिवारी, प्रआर सुंदर श्याम तिवारी, प्रआर चंद्रप्रकाश, आर नितेश राजपूत, आर. महेन्द्र पटेल, आर. अमित रघुवंशी आर. शिवम बघेल, आर. चालक ईरफान खान शामिल रहे।

## लेदर बाल प्रतियोगित: रोमांचक मैच में जबलपुर बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जैस परिवार सिवनी के तत्वाधान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के 9 वे दिन टूर्नामेंट का फाइनल मैच मैच एडवोकेट जूनियर और जबलपुर टाइगर्स के बीच खेला गया।



एडवोकेट जूनियर के कप्तान फिरोज कुरैसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया बल्लेबाजी करने उतरी एडवोकेट जूनियर ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट नुकसान पर मात्र 93 रन बनाए। जिसमे सर्वाधिक स्कोर सैफी और शुभम के द्वारा 28-28 रनों की पारी खेली। जबलपुर की और से पवन यादव ने 3 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी जबलपुर ने रोमाचक मैच मैं मैच की अंतिम बॉल पर 4 रन मारकर दो विकेट से जीत कर टूर्नामेंट की विजेता बनी। जबलपुर की और से सबसे अधिक रन ब्रजेश पटेल ने 19 रनों की पारी खेली जूनियर एलेवन की और से मतीन, सैफी, शुभम, ने 2-2 विकेट लिए। मैच में मैन ऑफ द मैच पवन यादव रहे।

टूर्नामेंट के फाइनल मैच मैं मुख्यातिथि नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पुर्व जिला अध्यक्ष वेद सिंह ठाकुर, प्रेम तिवारी, संजू मिश्रा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गोल्हानी, नरेंद्र ठाकुर के साथ पत्रकार बंधु शामिल हुए। आज के मैच मैं निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और फारूक खान ने निभाई। वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत, कमेंट्री की भूमिका गन्नू माना ठाकुर और सुशील ठाकुर, नीरू और नफीस भाई, मनीष चौरसिया ने निभाई। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है ।

प्रतियोगिता के अध्यक्ष बाबा पांडे ने टूर्नामेंट मैं शामिल सभी टीमो समिति के सभी सदस्यों टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

## गायत्री परिवार ने किया स्वच्छता कर्मी भाई - बहनों का सम्मान, बांटे कंबल

केवलारी । नगर को स्वच्छ और साफ - सुथरा रखने वाले स्वच्छता कर्मी, एवं कचरा एकत्रित करने वाले सभी वाहन चालकों को अखिल विश्व गायत्री परिवार केवलारी के द्वारा सासम्मान गायत्री शक्तिपीठ में आमंत्रित कर प्रत्येक कर्मी को 1 -1 कंबल केवलारी के जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, कामधेनु गौशाला समिति के प्रमुख द्वारा भेंट किया गया।

यह कंबल गायत्री परिवार को प्रमोद साहू ठेकेदार, अशोक जैन कन्हान नागपुर,महाराष्ट्र, रामा राय थांवरी , दुर्गा प्र साहू, सचिव पप्पू जैन, आदि और भी भामाशाह ने इस पुनीत सेवा में हांथ बटाया।



कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा देवपूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सद्बुद्धि का मंत्र गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ आरम्भ हुआ। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का गायत्री परिवार प्रमुख सुरेन्द्र छोटू साहू जी द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मंच संचालन कर रहे गजेंद्र बोपचे जी एवं विनोद बर्मन द्वारा गायत्री परिवार द्वारा विगत 23 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में केवलारी में किये जा रहे विभिन्न, कार्यो एवं आयामों पर अपनी बात मंच से सभी के सम्मुख रखी, और गायत्री परिवार के संस्थापक परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा समाज को बदलने के दृष्टिकोण पर अपनी बात कही।

स्वच्छता कर्मी भाई बहनों को विभिन्न अतिथियों के माध्यम से पॉकेट बुक एवं कंबल वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद केवलारी से आये हुए, जनप्रतिनिधि प्रशांत मोनू तिवारी, दारा सिंह जंघेला, एवं कामधेनु गौशाला के अध्यक्ष राजेश सिंह बघेल, दुर्गा प्रसाद जंघेला ,योगाचार्य गणेश लाल झारिया, घेवर चंद अवधिया, बालगोविंद पाठक, करीम खान, लक्ष्मण राय, रामा राय थांवरी,वरिष्ठ ट्रस्टी शिवशरण पाठक , एस पी पटले, मनीराम राय, श्रीमती केशर चौधरी, श्रीमती अर्चना झारिया, श्रीमती इमला बोपचे, श्रीमती भारती पटले श्रीमती एकता बर्मन, किशोर चौधरी, श्याम डेहरिया, जितेंद्र क्षीरसागर, श्रीकांत साहू, मुकेश साहू, बिजौरी जबलपुर मीडिया प्रभारी विनोद बर्मन सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्तिथि रही।

### संस्था दानपात्र के 100 दिन मदद के सपने पूरे कर रहे हजारों गरीबों के

# मदद के इस अनोखे अभियान से रोजाना बदल रही कई बेघर, बेसहारा लोगों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अगर किसी की भावना मदद करने की नहीं हे तो वह कितने भी अवसर मायने पर मदद नही करेगा, परंतु यदि कोई सेवा भाव की सोच रखता है मदद करना चाहता है तो वह कितनी भी कठिनाइयों होने के बावजूद भी मदद करने का तरीका निकाल ही लेता है। इसी बात को अमल में लाए है दानपात्र फाउंडेशन के संस्थापक यश गुप्ता ने यू तो संस्था द्वारा रोज ही गरीब जरूरतमंदो की मदद करी जाती है परंतु अभी संस्था के फाउंडर यश गुप्ता ने 100 डेज हेल्प चैलेंज लिया है जिसके तहत लगातार 100 दिनो तक गरीब जरूरतमंदो तक मदद पहुंचाई जाएगी। 100 डेज चैलेंज को पूरा करने के लिए संस्था द्वारा एक टीम बनाई गई जो सुबह 7 बजे से ही जरूरतमंदो की मदद पर निकल जाती है, जिसमे जो भी जरूरतमंद मिलता है उसकी पूरी तरह से मदद की जाती है। अगर किसी व्यक्ति के पास रहने के लिए घर नहीं है तो उन्हें भी दानपात्र की तरफ से अपने आश्रम में मुफ्त में पनाह दी जाएगी जहा वह व्यक्ति अपना जीवन शांति से बिता सकते है। दानपात्र आश्रम में बेसहारा लोगों के लिए मुफ्त में रखने की व्यवस्था है, आश्रम में जरूरतमंदो को खाना,कपड़े तथा डॉक्टर जैसी व्यवस्था भी मौजूद जहा उन्हे किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

दानपात्र द्वारा लिया गया यह चैलेंज समाज के लिए बहुत ही प्रेरणादायी है समाज में रह रहे युवाओं को संस्था से सीखना चाहिए तथा इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में अपनी रुचि बड़ानी चाहिए। साथ ही साथ यह चैलेंज उनके लिए भी सीखने लायक है जो सोशल मीडिया पर फॉलोअर बड़ाने के लिए किसी भी प्रकार का कंटेंट बनाते है, ऐसे लोगो को यश गुप्ता ने बताया है की इरादा अच्छा हो तो कंटेंट भी अच्छा हो सकता है बस आपके मन में मदद करने की चाह होनी चाहिए।

### दानपात्र क्या है कैसे हुई इसकी शुरुआत ?

संस्था दानपात्र एक ऑनलाइन निः शुल्क एप के माध्यम से कार्य करती है जिसकी मदद से घरों में उपयोग में न आ रहे सामान जैसे कपड़े ,खिलोने ,किताबें ,जूते ,बर्तन इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स , फर्नीचर एवं अन्य सामान को कलेक्ट कर उपयोग लायक बना जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जाता है पिछले 5 वर्षों में दानपात्र के माध्यम से लगभग 35 लाख से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाई जा चुकी है देश भर में कार्य कर रही संस्था दानपात्र से 35 हजार से ज्यादा वालंटियर्स जुड़े हुए है जो अपना समय देकर सहयोग करते है संस्था दानपात्र द्वारा अलग अलग शहरों में सेंटर बनाएं गए है जहां आकर कोई भी ऐप में रिक्वेस्ट डालकर सामान डोनेट कर सकता है दानपात्र टीम द्वारा इस सामान को फिल्टर कर उपयोग लायक बना जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जाता है दानपात्र देने वाले और लेने वालों के बिच सेतु बनकर दोनों की ही मदद कर रहा है संस्था दानपात्र का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड , 3 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ साथ कई रिकॉड्र्स में दर्ज किया जा चुका है। संस्था गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद के साथ-साथ निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से बच्चों एवम महिलाओं को शिक्षित कर रही है दानपात्र निःशुल्क पाठशाला देश के कई शहरों में हजारों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर शिक्षित कर रही है जिससे आर्थिक परिस्थितियों के चलते जो बच्चें पढ़ नही पाते है वह दानपात्र निःशुल्क पाठशाला के माध्यम से अपने अधूरे सपनों को पूरा कर रहे है । आप भी जुड़ सकते है दानपात्र फाउंडेशन के इस अभियान से आप भी अपने उपयोग में न आ रहे पुराने सामान को डोनेट करके या फिर वालंटियर बनकर दानपात्र के इस अभियान से जुड़ सकते है इसके लिए आप दानपात्र के हेल्पलाइन नंबर 6263362660 ,7828383066 पर संपर्क कर सकते है।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला कार्यकारिणी की गई भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सोमवार को दोपहर 2:00 बजे मंगल भवन में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न प्रस्ताव परित हुए। उक्ताशय की जानकारी कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रवक्ता राधेश्याम सनोडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदान की गई।

श्री सनोडिया ने समाज द्वारा निम्नानुसार प्रस्ताव पास करने की जानकारी दी गई। उपस्थित सदस्य शरमेश सनोडिया जी ने प्रस्ताव रखा की भागवत कथा की बची हुई राशि एवं सदस्यता अभियान में प्राप्त राशि को शीघ्र ही समाज के खाते में जमा किया जाए, जिससे समाज अपनी देनदारी से मुक्त हो सके साथ ही आय-व्यय का ब्योरा दिया जाए। उपस्थित सदस्य भारत बाबूजी द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि समाज के संविधान में कार्यकारिणी का कार्यकाल केवल तीन वर्ष का है 3 वर्ष के पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाना आवश्यक है, नियमानुसार उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से वर्तमान कार्यकारिणी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ एवं जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष- सचिव सहित समस्त पदों को भंग किया जाता है। नवीन कार्यकारिणी का गठन तक बैंक खाते का लेनदेन पूर्वानुसार चलता रहेगा। उपस्थित सदस्य शिवराम पटेल द्वारा प्रस्ताव रखा गया नवीन अध्यक्ष का चयन हेतु प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को जिम्मेदारी दी जाए जो निम्न है- शप्रशांत पटेल, घनश्याम सनोडिया, मोहन चंदेल, ज्ञानचंद सनोडिया, आर के सनोडिया, सचिन सिसोदिया, श्रीमती ज्योति सनोडिया एवं श्रीमती रुक्मणी सनोडिया को नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन हेतु एक माह समय निर्धारित किया जाता है।

समाज के प्रवक्ता द्वारा बताया गया कि समाज के महासचिव जीतेंद्र सनोडिया द्वारा सभी प्रस्ताव को लिपिबद्ध कर उपस्थित सदस्यों को पढकर सुनाया गया और इन सभी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रमेश सनोडिया शिवराम पटेल घनश्याम पटेल मोहन सनोदिया शिव सनोदियां गोपाल सनोदिया दादूराम सनाड्य पदम सनोडिया हरीकांत सनोडिया प्रशांत पटेल आईटी सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष , अजय कुमार वकील उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कििए गए साथ ही कुर्मी समाज की जिला कार्यकारिणी को आगामी चुनाव तक के लिए भंग की गई है।

**खबर संक्षेप**

### सूफी धर्मगुरु हम्माद रजा कादरी का बालाघाट आगमन कल



**बालाघाट।** हजरत सिद्धीके अकबर के वंशज और खानदान-ए-आला हजरत सूफी धर्मगुरु हम्माद रजा कादरी अपने दो दिवसीय प्रवास पर 27 दिसंबर को बालाघाट पहुंच रहे हैं। यहां पर वे मरकज ए अहले सुन्नत बरेली शरीफ द्वारा पूरे देश सहित जिले में चलाये जा रहे शिक्षा अभियान का जायजा लेंगे। इसके साथ ही वे समाज में चल रही बुराइयों को रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अहले सुन्नत वल जमात के संगठनों के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे। रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने बताया कि हम्माद रजा कादरी 28 दिसंबर को आकिब रजा मलिक के रिसेप्शन में सम्मिलित होंगे और साथ ही सभी अहले सुन्नत वल जमात के आलिमो और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और जिम्मेदारों से भी भेंट करेंगे।

### पुरातत्व के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले लोगों को किया जाएगा सूचीबद्ध

**बालाघाट।** पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल द्वारा पुरातत्व के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले पुरातत्वविद, इतिहासकार, स्वयंसेवी, गाइड, शोधार्थी एवं सेवानिवृत्ति वरिष्ठ नागरिकों को सूचीबद्ध किए जाने की पहल की जा रही है। ऐसे व्यक्ति जो स्मारक या संग्रहालय में होने वाली पुरातात्विक गतिविधियों में अपना योगदान देने के इच्छुक हैं। वे 30 दिसंबर 2023 को राज्य संग्रहालय भोपाल में अपने आवेदन के साथ अपराह्न 3 बजे तक उपस्थित हो सकते है। आवेदन के अवलोकन के बाद ऑन द स्पॉट पंजीयन किया जाएगा। इस पंजीयन के बाद आवेदक किस तरह से स्वयंसेवी के रूम में गतिविधि के माध्यम से योगदान देगा, यह बताया जाएगा। साथ ही किस प्रकार कार्य किया जाए, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके लिए आवेदन ईमेल mparchaeology@gmail.com पर भी भेजे जा सकते हैं।

### आज इन गावों का करेगी भ्रमण संकल्प यात्रा

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का मंगलवार को बैहर जनपद के ग्राम मोहबट्टा व करेली, परसवाड़ा के ग्राम परसाटोला व कुमादेही, लांजी के ग्राम सिहारी व घोटी घुसमारा, कटंगी के ग्राम कलगांव व आगरवाड़ा, बालाघाट के ग्राम बुड़ियागांव व टाकाबर्रा, वारासिवनी के ग्राम डोरली व गटापायली, किरनापुर के ग्राम कंडरा व किन्ही, खैरलांजी के ग्राम सालेटेका व खुर्सीपार, बिरसा के ग्राम छपला व मंडई और लालबर्रा जनपद के ग्राम ददियॉ व देवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

## दुर्गा मंदिर में ताला तोड़कर कीमती छत्र सहित दान पेटी से हजारों की राशि उड़ा ले गए चोर

# वारासिवनी पुलिस पर भारी पड़ रहे अज्ञात चोर

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

नगर व क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। कभी यह चोर दुकान, मकान, तो कभी सार्वजनिक मंदिरों को अपना निशाना बना रहे हैं। बीती रात्रि चोरों ने नगर के दुर्गा मंदिर में धावा बोल दिया और मंदिर से दो चांदी की मूर्ति, दो चांदी के छत्र सहित दान पेटी में रखे लगभग 20 हजार रूपये पर हाथ साफ कर दिया।

यह नगर में चोरी की पहली घटना नहीं हैं, जो चोरों ने धार्मिक स्थल को अपना निशाना बनाया हैं। इसके पहले भी चोरों ने वार्ड नम्बर एक अमृत नगर के दुर्गा मंदिर, तहसील कार्यालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर, हैदराबाद मोहला स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर के अनेंक धार्मिक स्थलों पर धावा बोला हैं। वारासिवनी पुलिस रात्रि में गस्त जरूर करती है, लेकिन उनकी इस गस्त का चोरों पर कोई असर नहीं पड़ता हैं। वहीं गश्त के बावजूद भी चोर बड़ी ही आसानी से पुलिस को चकमा देकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लगातार नगर में बढ़ रही चोरी की घटना से नगरवासियों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा हैं।





### 2 चांदी की मूर्ति, 2 चांदी के छत्र सहित नगदी राशि हुई चोरी

दुर्गा मंदिर के पुजारी नरेश शर्मा ने बताया कि सुबह मैं लगभग सात बजे मंदिर खोलने आया, तो सामने चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था, फिर अंदर गया, तो गर्भ गृह का भी ताला टूटा हुआ था और माता जी की दो चांदी की मूर्ति, दो चांदी का छत्र सहित दान पेटी में रखे लगभग 20 हजार रूपये गायब थे। जिसके बाद मैने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### एडीशनल एसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी ने घटना स्थल का किया निरिक्षण

सूचना मिलने के बाद एडीशनल एस पी विजय डाबर, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी शंकरसिंह चौहान, एस आई चंद्रजीत यादव टीम के साथ मंदिर पहुँचे और पुजारी से पूछताछ के बाद घटना स्थल का मुआयना किया। वही पुलिस ने कुछ स्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी चोरों का पता लगाने का प्रयास किया। मगर चोर इतने शातिर थे कि सीसीटीवी कैमरे में भी नहीं आए। वहीं पुलिस अब मुखबिरी के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

ऐसा नही हैं कि यह चोरी की पहली वारदात घटित हुई हैं, शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की दर्जनों फुटेज पुलिस के पास मौजूद हैं। मगर पुलिस इन आरोपियो तक पहुंचने में असफल साबित हुई हैं।

### पुलिस की गिरफ्त में जल्द होंगे आरोपी-विजय डाबर

एडीशनल एसपी विजय डाबर ने कहा कि गत रात्रि में वारासिवनी सब्जी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना के बाद मैं निरीक्षण करने आया हूँ। देखकर ऐसा लग रहा हैं कि चोर लोकल का ही निवासी हो सकता हैं, जो छोटी जगहों को टारगेट कर रहा हैं। मंदिरों में चोरी होना

## 23 मंडलों में राष्ट्रवाद, शुचिता और समर्पण का लिया जन संकल्प

# अटल जी की जयंती पर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



भारतीय जनता पार्टी ने समस्त 23 संगठनात्मक मंडलों सहित जिला भाजपा कार्यालय में कल यानि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के तौर पर राजनीति के अज्ञात शत्रु, देश पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सेवा भाव से मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा अर्चना की गई। उपस्थित जनों ने देश के इस महानायक को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सुशासन, राष्ट्रवाद, शुचिता और समर्पण का जन संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, श्रीमती लता एलकर, जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया, संजय मिश्रा, संजय गौतम, अरूण राहंगडाले, सुमित यादव, अनिल धुवारे, सुरजीत सिंह ठाकुर, गजेंद्र भारद्वाज,, रानू श्रीवास्तव, जैनेंद्र कटरे, भारत चौधरी, खिमेंद्र गौतम, योगेश बिसेन, कुणाल एलकर, विजय मस्करे, गुलशन भाटिया, राकेश सेवईवार, अनिश मेनन, भुवन राहंगडाले, सिद्धांत पाटिल, अखिलेश चौरे, अंकुश वाजपेई, सिद्धार्थ बाजपेई, राम मिश्रा, संजू वराडे, राहुल जेमी, विजय बिसेन, जितेन्द्र सिंह राजपूत और अक्षय कटरे समेत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने देश के सबसे जनप्रिय प्रधानमंत्री कहलाए जाने वाले राष्ट्र संत अटल बिहारी वाजपेई के श्री चरणों में नमन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम ने किया और आभार भाजपा जिला चुनाव संचालन समिति मीडिया प्रबंधन प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने माना।

### सारे विश्व में देश का नाम अलौकिक किया: गौरीशंकर बिसेन

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने विराट कवि समन्वय की राजनीति की पुरोधा अटल बिहारी वाजपेई के सानिध्य में जनकल्याण और विकास की नई गाथा लिखी। इस माहामना ने ऐसे ही नहीं अपितु सारे विश्व में देश का नाम अलौकिक किया। साथ ही साथ अपनी मातृभाषा हिंदी को विश्व पटल में गौरवान्वित करने की देन हिंद के वाहक अटल जी की है।

### सुशासन, सुशपथ साबित हो रहा है: सत्यनारायण अग्रवाल

जहां भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने अपनी शब्दांजलि में कहा कि, सरकार में जवाबदेही के भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर पूर्व प्रधान मंत्री वाजपेयी जी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने सुशासन दिवस को सरकार के लिए कार्य दिवस के रूप में घोषित किया है। जो हमारे लिए आज तक सुशपथ साबित हो रहा है।

### अटल पथ और अटल इरादा: लता एलकर

क्रम में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर ने अपनी विनम्र पुष्पांजलि में कहा कि, अटलजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा, अटल जी ने ही देश में सुशासन की नींव रखी थी। इसलिए उनकी जयंती पर आम लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए हमें जन-जन तक जाना होगा। येही भावशीलता इस राष्ट्र गौरव को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी। फलीभूत अटल ध्येय, अटल पथ और अटल इरादा हमारा मार्गदर्शन करेगा।

## सावरी में 2 दिवसीय साई महोत्सव का हुआ समापन

### पहले दिन निकली साईं पालकी आज दहीकाले का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावरी स्थित साईं मंदिर में रविवार से दो दिवसीय सांई महोत्सव का आयोजन हुआ. जिसका आज सोमवार को हवन-पूजन, दहीकाला और कीर्तन के साथ समारोहपूर्वक समापन हुआ. पहले दिन गांव में भव्य साईं पालकी यात्रा निकाली गई. जिसमें गांव के सभी उम्र के तमाम धर्मप्रेमी शामिल हुए. यात्रा ने गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर विराम लिया. पहले दिन पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु साईं के भजनों पर डीजे की धून पर थिरकते हुए दिखाई दिए. सांई पालकी का गांव में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया. साईं पालकी के साथ ही महिलाओं और बच्चों के द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई थी. वहीं शाम को मंदिर में ज्योति प्रज्वलित की गई. आज सोमवार को सुनील भगत महाराज वारासिवनी के द्वारा संकीर्तन और दहीकाला का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया जिसके साथ ही महोत्सव का समापन हुआ. रात्रि में साई जागरण का कार्यक्रम भी होना है. साई महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में देवीलाल पटले, अभय पटले, ऋतिक पटले और साई समिति सावरी का विशेष योगदान रहा।



## खुड़सोडी में निकाली गई अक्षत कलशयात्रा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गारापुरी के अंतर्गत खुड़सोडी मे कलशयात्रा निकाली गई। तत्संबंधी जानकारी देते हुए ग्रामीण शिवेंद्र गौतम ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का उद्घाटन समारोह होने जा रहा है।जिसके उपलक्ष्य पर अक्षत कलश प्रत्येक गांव में पहुंचाया गया है। ग्राम खुड़सोडी मे पहुंचा कलश जिसकी स्थापना कर 25 दिसंबर को दोपहर में सभी श्रीराम प्रेमी गांव की महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चों के द्वारा श्रीराम के भजन कीर्तन करते हुए प्रभु श्रीराम के नारे लगाते हुए उत्साह पूर्वक अक्षत कलशयात्रा निकाली गई।जो गांव के सभी वार्ड व चौक चौराहे का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा निकाली गई।साथ ही सभी को इस कलश को अपने सिर पर रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कलशयात्रा का जगह जगह कलशयात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। आगे शिवेंद्र गौतम ने बताया कि 22 जनवरी को भव्य मंदिर का उद्घाटन समारोह किया जाऐगा।उस दिन गांव में मंदिर को सजाया जाऐगा व मंदिर में भजन कीर्तन तथा आरती की जाऐगी।एवं अपने अपने घरों में दीपावली की तरह दीपक जलाकर दीपावली की तरह उत्सव मनाया जायेगा।



## क्रिसमस : ईसाई धर्मावलंबियों ने काटा केक, चर्च में की गई विशेष आराधना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट में सोमवार को क्रिसमस मनाया गया। पूरे जिले में ईसाई समाज ने उत्सव मनाया। चर्च में पास्टर की मौजूदगी में आराधना की गई। यहां बताया कि यीशु मसीह का जन्म एक गोशाला में हुआ था। यीशु ने मानवता के लिए अपने जीवन को बलिदान कर दिया। उन्होंने लोगों से प्रेम, भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

नगर के चर्च में विशेष आराधना की गई। यीशु के जन्मदिन का केक काटा गया। मेथोडिस्ट चर्च में 24 दिसंबर को यीशु के जन्मदिन के पहले क्रिसमस-ट्री एवं ज्योति आराधना का की गई। सांता क्लाज के साथ चर्च के बच्चे और परिवारों ने अतिथियों के साथ मिलकर आराधना की। बच्चों को तोहफे भेंट किए। रात में युवाओं ने आतिशबाजी की। एकदूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। सोमवार को मेथोडिस्ट चर्च में सुबह 9 बजे से विशेष आराधना की गई। ईसाई धर्मावलंबियों परिवार की ओर से लाए गए केक को काटकर प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया गया।



जिले में क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मसीह समाज के लोगों द्वारा मनाया। इस दौरान नगर मुख्यालय के दोनों ही गिरिजाघरों 24 दिसंबर की रात्रि से प्रभु ईशु की आराधना प्रारंभ हो गई थी। जिसके तहत कैरल सिगिंग के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। जबकि आज 25 दिसंबर को प्रातः से गिरिजाघरो में अनुयायियों की भीड़ लगी रही। जिन्होने शांति के संदेश के साथ प्रभु ईशु की आराधना की। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर चर्च में आराधना के बाद लोगों ने एक दूसरे को 'हैप्पी क्रिसमस-मेरी क्रिसमस' की बधाइयां दी।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 1 जनवरी से

**बालाघाट।** नगर की सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा कौशल उन्यनयन के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण के नये बैच 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ किये जायेगें, जिसमें कम्प्यूटर फन्डामेन्टल, कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पॉवरपांईट, इंटरनेट, पेजमेकर, कोरलड्रॉ, डीटीपी, बेसिक एकाउंटिंग, कम्प्यूटराईज्ड एकाउंटिंग जैसे 10 प्रकार के रोजगारोन्मुखी कम्प्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष राकेश वर्मा 'ताम्रकार' द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि उक्त प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 31 दिसम्बर 2023 तक आमंत्रित किये गये है जिसमें हितग्राही को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण मोतीनगर बालाघाट स्थिति सर्च इन्फोटेक में प्रदान किया जायेगा। यहां थ्योरी क्लास के साथ कम्प्यूटर पर प्रेक्टीकल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। घर के कामों में व्यस्त गृहणियों के लिए 3-4 व 4-5 का समय रिजर्व रखा गया है। अब तक कम्प्यूटर संचालन ज्ञान से वंचित गृहणियों, छात्राओं, कर्मचारियों आदि के लिए शुरूआत से कम्प्यूटर सीखने का सुनहरा अवसर है। ग्रामीण क्षेत्रों के आकर कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य हो गया है। शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में मान्य यह कोर्स कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, गृहणियों, व्यवसायियों के लिए आर्थिक बचत के साथ कम्प्यूटर में कौशल प्रदान करेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बिरसा विकाश खंड के ग्राम भंडारपुर में कार्यक्रम संपन्न

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को सुदूर दूरस्थ क्षेत्र बिरसा विकास खंड के ग्राम पंचायत भंडारपुर में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने वित्तीय साक्षरता की जानकारी एवं लोगों से अनुरोध किया कि अपने लेनदेन कार्यों में सतर्कता बरतें. कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों ने जहां प्राकृतिक व जैविक खेती पर अपने विचार साझा किए। वहीं कार्यक्रम में हर घर जल के अंतर्गत अभिनंदन पत्र, आयुष्मान कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की अनुदान राशि के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सहायक प्रबंधक अभिषेक मरकाम ने स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी उद्योग विभाग द्वारा दी गई, इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से अजय बैश ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ लेने की अपील की।

# भरवेली में स्व. माइकल जोसफ एवं स्व.प्रफुल्ल त्रिवेदी क्रिकेट स्पर्धा का 31 दिसम्बर से 6 जनवरी तक आयोजन

**बालाघाट।** जिले की सबसे पुरानी क्रिकेट स्पर्धा स्व. माईकल जोसफ व स्व. प्रफुल्ल भाई त्रिवेदी स्मृति 33वां अंतर्राज्जीय क्रिकेट स्पर्धा जो मॉयल प्रबंधन एवं स्वास्तिक क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में दुर्गा चौक खेल मैदान में 31 दिसम्बर से 6 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। जिसमें भोपाल, रायपुर, जबलपुर, नागपुर सहित महानगरों की टीमें भाग लेगी। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 5 हजार विजेता को 50 हजार उपविजेता को 25 हजार प्रदान किये जाने के साथ खिलाडिय़ों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी यहां दिये जायेगें। आयोजन में मॉयल कामगार संगठन का भी विशेष सहयोग प्राप्त होता है। आयोजन के संरक्षक प्रद्युम्न भाई त्रिवेदी एवं आरयूसिंह अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक अध्यक्ष मयंक जैन खान प्रबंधक, सचिव भरत मलिक, कोषाध्यक्ष राजेश जोसफ, विशेष सहयोगी रामअवतार देवांगन महामंत्री मॉयल कामगार संगठन नागपुर, असीम शेख खेल अधिकारी नागपुर, विजय डाबर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट, मधु हरपाल प्राचार्य होली होम इंग्लिश स्कूल बालाघाट, विकास खुरसेल किशोर न्याय बोर्ड सदस्य, श्रीमती गीता अनिल बिसेन, सरपंच ग्राम पंचायत भरवेली के साथ हेमंत बावनकर, जी.आर. काकडे, रितेश माने, लोकेन्द्र सिंह बघेल, व्यकटेश सर, देशपांडे सर, नत्थू आमाडारे, जितेन्द्र धावडे, अशोक दीवान, राजेश आचार्य, राज मलिक, रहीम खान, राजेन्द्र मलिक, नरेश पटेल, मोनू पटेल, श्यामलाल बिसेन, दिनेश रौतेल, दहले फोटोकापी सेंटर, बजाज किराना, महाराजा हॉटल, महाजन होटल, बबलू पान सेंटर निखिल स्टील, अनिल लारेंस, विनय हाथीमारे, रमेश सोनी, शिवपाल दुरयाम, आमोद श्रीवास, ईश्वर अकेला, अलमास पटेल, रतन तांबे, कुरियन थामस, शकील अहमद, के साथ संपक सूत्र संतोष चौधरी, धनपाल दुरयाम, विशाल तांबे सहित अनेक खिलाडी एवं संस्थायें इस आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करके कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देती है।




## खेलों के प्रति शासन का पूरा ध्यान वारासिवनी खेल मैदान पर आयोजित हो गतिविधियां

# जल जीवन मिशन और एनएचएम के निर्माण कार्यों पर जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।**

क्षेत्रीय सांसद ड़ॉ. ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति की आयोजित बैठक में आम नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने विकास कार्यो की गति तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यो और व्यवस्थाएं सुधारने व वारासिवनी में 80 लाख रुपये की लागत से बने खेल मैदान के सम्बंध में कहा कि विकसित भारत हम सब को मिलकर करना है। बाहर से आकर कोई नही विकसित करने वाला है। इसमें उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी अपना योगदान देने का आव्हान किया। दिशा की बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वारसिवनी के खेल मैदान के सम्बंध में पालन प्रतिवेदन रखा गया। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने वारासिवनी की अध्यक्ष से कहा कि ग्राम पंचायत के माध्यम से भी इस मैदान पर खेल गतिविधियां बढ़ाये। शासन खेलो के प्रति बड़ी संवेदनशील है। खेलों इंडिया सहित अन्य छोटी-बड़ी खेल गतिविधियों का भी आयोजन इस मैदान पर करने को कहा है। इसके अलावा रमरमा और डोंगरगांव व गड़दा में ईको टूरिज्म विकसित करने के सम्बंध में भी निर्देश दिए है।

### जल जीवन मिशन की 321 योजनाएं हुई पूर्ण

दिशा की बैठक में लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने जल जीवन मिशन के तहत प्रचलित नवीन योजनाएं और रेट्रोफिटिंग की पूर्ण हुई योजनाओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कई गांव में रोड रेस्टोरेशन और समय पर पानी नही पहुँचने जैसी कई समस्याएं बताई। इस मामले में सांसद ड़ॉ. बिसेन ने संज्ञान लेकर कलेक्टर को निर्देशित किया। कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तुरंत 10 स्कूलों का रेंडमली सिलेक्ट कर सम्बंधित अधिकारियों, ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सत्यापन कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यो की समीक्षा के लिए पृथक से ठेकेदारों, विभागीय अधिकारियों और सरपंचों के साथ बैठक आयोजित करने को कहा है। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने कहा कि ये योजनाएं आगामी 50 वर्षो के लिए योजनाएं है। इसका गुणवत्तापूर्ण होना सबसे आवश्यक है।

### एनएचएम के निर्माण कार्यों का सत्यापन होगा

दिशा की समीक्षा बैठक में सीएमएचओ ड़ॉ. मनोज पांडे ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के सम्बंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी दी गई। इसमें कुल उन्होंने 3226.92 लाख रुपये की लागत से 30 विभिन्न कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी। इस दौरान मोहगांव और गोदरी के उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी करने के बारे में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया। साथ ही कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान निर्माण कार्य रोकने के लिए आपत्ति उठाने के बावजूद कार्य निरंतर चल रहा है। इसके बाद सांसद ड़ॉ. बिसेन ने सभी कार्यो के जांच के लिए निर्देश दिए है। कहा कि इसके लिए पीडब्ल्यूडी, आरईएस, एनएचएम और ठेकेदार के साथ ही जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर जांच करने के लिए कहा।

### पंच के 20, सरपंच के 12 और जनपद सदस्य के लिये 5 नामांकन दर्ज हुये

**बालाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत शुक्रवार को नाम निर्देशन जमा होने के अंतिम दिन तक कुल 37 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गए है। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंच पद के लिये कुल 20 फॉर्म, सरपंच पद के लिये 12 और जनपद सदस्य के लिये 5 नामांकन दर्ज किये गए है। शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा की जायेगी। इसके पश्चात 26 दिसम्बर मंगलवार को नाम वापसी के अंतिम दिन के पश्चात अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।